साप्ताहिक

पंजियन क्रमांक – mphin / 2018/ 76962

# नीमच हेडलाइन्स

संस्थापक – स्व॰ इन्द्रदेव जी जाजपुरा

संपादक अविनाश जाजपुरा

वर्ष -03 अंक - 16 बुधवार 26 / 8 / 2020 पृष्ठ - 4 मूल्य - 5 रूपए

## सम्पादकीय

### शहरों की बिगड़ती सूरत

आत्मनिर्भर भारत को लेकर भारतीय उद्योग परिसंघ की ओर से आयोजित एक वेबिनार में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह अनुमान व्यक्त किया कि 2030 तक देश की 40 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगेगी और इसके लिए हर वर्ष लाखों वर्गमीटर जमीन की जरूरत पड़ेगी। स्पष्ट है कि इसके लिए शहरों के आसपास की जमीन का अधिग्रहण करना पड़ेगा। इसके साथ ही शहरों के आधारभूत ढांचे का विकास भी करना पड़ेगा। यह ध्यान रहे कि हमारे शहरों का आधारभूत ढांचा जर्जर होता जा रहा है। इस कारण शहरी आबादी को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहरों की समस्याएं इसलिए भी बढ़ रही हैं, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की ओर पलायन रोकना लगभग नामुमकिन है। हालांकि राज्यों की ओर से ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर पैदा करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अभी तो वह अपर्याप्त ही दिखती है। इतिहास बताता है कि दुनिया भर के देशों की तरक्की के मुख्य माध्यम उनके शहर ही बने हैं। यही कारण है कि विकसित देशों की अर्थव्यवस्था में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का हिस्सा पांच–सात प्रतिशत से अधिक नहीं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केवल कृषि पर आधारित होने के कारण उसकी अपनी सीमाएं हैं। इन सीमाओं को समझा जाना चाहिए, क्योंकि भारत सरीखे देशों में कृषि पर निर्भर आबादी की संख्या बहुत अधिक है।अपने देश में बरसात के दिनों में शहरों के आधारभूत ढांचे की पोल पूरी तरह खुल जाती है। शायद ही कोई शहर हो जो बारिश के बाद जलभराव और गंदगी से पटा न दिखता हो। शहरी ढांचे के जर्जर होने का एक प्रमुख कारण यह है कि उनके विकास प्राधिकरण और नगर निगम दूरगामी दृष्टि रखते हुए आधारभूत ढांचे का निर्माण करने और उसकी गुणवत्ता बनाए रखने में नाकाम हैं। अक्सर शहरों में नया बना आधारभूत ढांचा पांच–छह साल बाद ही बढ़ती जनसंख्या के कारण नाकाफी लगने लगता है। आखिर इसका क्या मतलब कि हर 10–15 साल बाद आधारभूत ढांचे के निर्माण में धन व्यय करना पड़े? इस निर्माण के दौरान जो तोड़फोड़ होती है, उससे लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। परेशानी का यह सिलसिला कभी खत्म नहीं होता, क्योंकि कुछ न कुछ बनता ही रहता है।पिछले कई दशकों से केंद्र सरकारें शहरी विकास की तमाम योजनाएं लेकर आई हैं। इन योजनाओं के तहत राज्यों को खासा धन मुहैया कराया गया, लेकिन शायद ही कोई योजना ढंग से परवान चढ़ पाई हो। केंद्र के धन से कुछ शहरों में आधारभूत ढांचे जरूर खड़े किए गए, लेकिन वे शहर विशेष की सूरत बदल पाने में सक्षम नहीं हुए। इस समय देश के कई शहरों में मेट्रो का निर्माण हो रहा है, लेकिन यह कहना कठिन है कि अकेले मेट्रो के निर्माण से शहरी विकास नियोजित होने लगा है।फ्लाईओवर, मेट्रो आदि के निर्माण को इंगित कर अपनी पीठ ठोंकने वाले नेता और नौकरशाह यह देखने को तैयार नहीं कि विकसित और यहां तक कि कुछ विकासशील देशों ने अपने शहरों का विकास किस तरह किया है। आज देश का कोई भी बड़ा शहर विश्व के विकसित देशों के शहरों जैसा नहीं दिखता।

## नीमच कलेक्टर ने की अमृत योजना के कार्यो की समीक्षा

*गली–मोहल्ले की सडक की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से करवाएं–श्री राजे*

*नीमच। नीमच शहर में पेयजल पाईप लाईन एंव सीवरेज लाईन बिछाने से जिन गली–मोहल्लों, बस्तियों, कालोनियो में सडक की खुदाई से सडकें खराब हो गई है, उन सडको की मरम्मत का कार्य एवं उनके पुर्ननिर्माण के कार्य को प्राथमिकता से करवाएं। सीवरेज कनेक्शन के कारण, जिन घरों में सीवरेज का गंदा पानी रिवर्स आने की समस्या आ रही है, उनका घर–घर सर्वे कर, समस्या का नाली ट्रेप लगवा कर शीघ्र समाधान करवाएं। नगरपालिका टीम लगाकर सीवरेज लाईन के कार्यो के बारे में लोगों से फीडबैक प्राप्त करें। यह निर्देश कलेक्टर जितेन्द्रसिंह राजे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच नगरपालिका नीमच के अधिकारियों और निर्माण एजेन्सियों के इन्जीनियरों की बैठक में अमृत योजना एवं सीवरेज योजना के कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान दिए। बैठक में सीएमओ सी.पी.राय भी उपस्थित थे।*

*बैठक में कलेक्टर राजे ने ट्रीटमेन्ध्ट प्लाट के कार्यो की विस्तार से समीक्षा की ओर शेष कार्य तत्परता पूर्वक पूरा करवाने के निर्देश भी दिए। उन्होने कहा कि शेष रहे लगभग 5 हजार घरों मे कनेक्शन के दौरान इसका विशेष ध्यान रखे की नागरिको की कोई समस्या ना रहे। कलेक्टर ने सडक मरम्मत का कार्य दीपावली पूर्व प्राथमिकता से पूर्ण करवाने के*

## नीमच में २० कोरोना पॉजिटिव स्वस्थ होकर डिस्चार्ज– अब ९०१ लोग हुए स्वस्थ

नीमच। नीमच जिले में कोरोना संक्रमण से स्वस्थ होने वाले व्यक्तियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। मंगलवार को जिले में 20 कोरोना पॉजिटिव व्यक्तियों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया है। इनमे नीमच शहर,रेवली देवली,बघाना,तेलनखेडी, भमेसर व जावद के लोग शामिल है। जिले में अब तक 901 कोरोना संक्रमित मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके वर्तमान में जिले में 190 एक्टिव केस हैं कोरोना संक्रमण से निपटने के चार प्रमुख स्तंभ आईडेंटिफिकेशन,आइसोलेशन,टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट पर जिला प्रशासन द्वारा विशेष फोकस किया गया है। नये कोरोना संक्रमित मरीजों को शीघ्र कांटेक्ट ट्रेसिंग कर उन्हें संस्थागत क्वारेंटाइन किया जा रहा है। सर्दी, खांसी, बुखार व कोरोना संदिग्ध मरीजों की प्राथमिक स्टेज में ही पहचान की जा रही है तथा उन्हें आइसोलेट कर नियमानुसार टेस्टिंग व ट्रीटमेंट का कार्य गंभीरता से किया जा रहा है। कोविड केयर सेंटर में किए गए बेहतर इंतजाम जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार के लिए कोविड केयर सेंटर बनाए गए। जिला प्रशासन द्वारा सभी कोविड केयर सेंटरों में समुचित व्यवस्थाएं चाक–चौबंद की गई हैं। मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजन एवं समय पर दवाइयाँ देने के साथ ही आयुष औषधियों का प्रतिदिन सुबह–शाम सेवन कराया जा रहा है। फलस्वरूप कोरोना संक्रमित मरीज शीघ्र स्वस्थ हो रहे हैं। मरीजों के मनोरंजन के लिए टीवी, पुस्तकें एवं अन्य रोचक सामग्रियां उपलब्ध कराई गईं हैं। कलेक्टर जितेन्द्र सिंह राजे द्वारा सभी कोविड केयर सेंटर एवं क्वारेंटाइन केंद्रों पर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

## सोलर एनर्जी से चलेंगी कारें, सरकार की नयी योजनां

*कोरोना महामारी और चीन से साथ चल रहे सियासी विवाद के बीच केंद्र सरकार अब देश को पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने का प्लान तैयार कर रही है। ऐसे में अब सरकार सोलर कार मैन्यूफैक्चरिंग की ओर ध्यान केंद्रित कर रही है। सूत्रों के मुताबिक सरकार देश में सोलर कार निर्माण को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। केंद्र सरकार ने तैयार किया प्लान सोलर कार निर्माण को लेकर भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी सरकार की ओर से एक नई पहलिसी का खाका तैयार किया है, जिससे अह्टो कंपनियों को देश में सोलर कार मैन्यूफैक्चरिंग के लिए आकर्षित किया जा सके। इस प्लान के तहत केंद्र सरकार अह्टो कंपनियों को टैक्स में छूट, सब्सिडी, सस्ता लोन और सस्ती जमीन मुहैया कराएगी, जो सोलर कार निर्माण का प्लांट देश में ही लगाने के लिए कदम बढ़ाएंगे। साथ ही अब इस क्षेत्र में बडस्तर पर रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ गई है। सरकार ने किया समिति का गठन केंद्र सरकार ने सोलर कार निर्माण की दिशा में काम करने के लिए जल्द कमेटी का गठन करेगी। सूत्रों के मुताबिक कमेटी में वित्त मंत्रालय, पावर-रीन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय और इस क्षेत्र के जुड़े कई विशेषज्ञ शामिल होंगे, ये सभी प्रधानमंत्री कार्यालय को अपने सुझाव देंगे कि देश में सोलर कार मैन्यूफैक्चरिंग काबढ़ावा देने के लिए किस प्लान के तहत आगे बढ़ा जा सकता है। मोदी सरकार भी अब इस प्लान को लेकर बहुत ज्यादा गंभीर है। गौरतलब है कि भारत २०२१ तक दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पैसेंजर व्हीकल मार्केट बनने की संभावना है। ऐसे में सोलर मार्केट को लेकर भी सरकार को भी बड़ी उम्मीद दिखती है। देश में फिलहाल टाटा मोटर्स, टीवीएस मोटर्स और महिंद्रा जैसी कंपनी के पास पहले से ही सोलर प्लांट हैं।*

# दुष्कर्म की कोशिश करने वाले का सिर ग्रामीणों ने मुंडा, पहनाई चप्पल की माला



महिदपुर रोड के समीप ग्राम ब्राह्मणखेड़ा निवासी 11 साल की एक बच्ची से एक बदमाश ने दुष्कर्म की कोशिश की। ग्रामीणों को यह बात पता लगी तो उन्होंने बदमाश को दबोच लिया। इसके बाद उसका सिर मुंडकर, जूते चप्पल की माला पहनाई और गांव में जुलूस निकाला। इस दौरान ढोल भी बजाए। पुलिस ने ज्यादती की कोशिश करने वाले विजय पुत्र भेरू पर केस दर्ज किया है। इसके अलावा मारपीट करने वाले कुछ ग्रामीणों पर भी कायमी की गई है। एएसपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि ब्राह्मणखेड़ा निवासी 11 साल की बच्ची अपने छोटे भाई के साथ कंट्रोल से चावल लेकर घर लौट रही थी। इस दौरान रास्ते में उसे विजय ने रोक लिया और हाथ खींचकर समीप स्थित नाले के पास ले गया। यहां उसने बालिका से दुष्कर्म की कोशिश की। बालिका ने शोर मचाया तो विजय उसे धमकी देने लगा। इस दौरान वहां से गुजर रहे तजूलाल को बालिका के छोटे भाइयों ने उसे घटना की जानकारी दी। इस पर तेजूलाल नाले के समीप पहुंचा तो बदमाश विजय भागने लगा। इस पर तेजूलाल ने उसे पकड़ लिया और ब्राह्मणखेड़ा गांव ले गया। यहां ग्रामीणों ने विजय को पकड़कर पीटा। इसके बाद उसका सिर मुंड दिया। बाद में जूते-चप्पलों की माला पहनाकर उसे गांव में घुमाया। मामले में विजय के खिलाफ धारा 376, 511, 354 और पहक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी छेड़छाड़ और दुष्कर्म के मामले दर्ज हैं।

# मंदसौर के युवक की भदवासा में हत्या का नही मिला पुलिस को कोई सबूत

**कई जगह सीसीटीवी चेक, फिर भीनहीं मिला हत्यारों का सुराग**

२३ अगस्त। रतलाम नामली थाना क्षेत्र के मेवासा–भदवासा मार्ग पर खेत में मंदसौर जिले के ग्राम लिल्दा के युवक की हत्या की गुत्थी सुझलाने के लिए पुलिस की तीन अलग–अलग टीमें लगी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार उसके मोबाइल फोन की अंतिम लोकेशन मंदसौर जिले के दलौदा नगर थी। इसके बाद फोन बंद हो गया। पुलिस ने दलौदा व माननखेड़ा के समीप व जावरा चौपाटी तथा अन्य जगह सीसीटीवी फुटेज चेक किए लेकिन कहीं भी युवक दिखाई नहीं दिया। पुलिस ने मृतक के स्वजन सहित २० लोगों से पूछताछ की लेकिन हत्यारों का पता नहीं चल पाया। उल्लेखनीय है कि २० अगस्त की सुबह करीब नौ बजे ग्राम भदवासामें कन्हैयालाल के खेत में एक युवक मृत अवस्था में मिला था उसके गले में रस्सी का फंदा लगा हुआ था और कुछ हीदूरी पर खून से सना चाकू मिला था। घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर उसकी बाइक (एमपी–१४–एमजे–१५१०) खड़ी पाई गई थी। मृतक की जेब से मेमोरी कार्ड व सिम मिली थी लेकिन मोबाइल फोन नहीं मिला था। शिनाख्त ४५ वर्षीय उदयसिंह सिसौदिया पुत्र सूरजसिंह सिसौदिया निवासी ग्राम लिल्दा थाना नाहरगढ़ जिला मंदसौर के रूप में हुई थी। मामले में पुलिस की तीन अलग–अलग टीमें जांच कर रही है। एक टीम कॉल डिटेल के आधार पर सुराग तलाश रही है। मृतक के गांव गई दो टीमों में से एक टीम वापस लौट आई है। मृतक कगांव के समीप स्थित ग्राम काचलिया कदमारा में दो दिन चंदन चोरी कालेकर बागरियों के गुट व एक अन्य गुट के बीच मारपीट हुई थी। पुलिस हत्या को इससे भी जोड़कर देख रही है और मारपीट करने वाले गुटों के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। वहीं एक टीम ने उसके स्वजन, दोस्तों व गांव के करीब २० लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। कैमरों में नहीं दिखा सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए, लेकिन कहीं भी उदयसिंह आता–जाता दिखाई नहीं दिया। स्वजन सहित अनेक लोगों से पूछताछ की गई है। एक टीम गांव में ही जांच कर रही है। – शिवमंगलसिंह सेंगर, थाना प्रभारी नामली

## रखवाली के लिए खेत गए व्यक्ति की मौत

*23 अगस्त। निम्बाहेड़ा। समीपस्थ ग्राम कदमाली में गुरुवार रात रखवाली के लिए गया एक व्यक्ति का शव खेत में मिला। एएसआई घीसूलाल तेली ने बताया कि 55 वर्षीय गंगाराम पिता चंदा बंजारा निवासी ग्राम कदमाली गुरुवार रात अपने खेत पर गया था। प्रातः उसका शव खेत पर मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर निम्बाहेड़ा सामान्य चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाया। फिर स्वजन को सुपुर्द किया। रिपोर्ट मृतक के भतीजे शैतानसिंह पिता देवीलाल बंजारा ने दर्ज करवाई। पुलिस द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है।*

## दहेज प्रताडना और मारपीट के दो मुकदमे दर्ज


*निम्बाहेड़ा। स्थानीय कोतवाली पुलिस थाना में शुक्रवार को दो अलग–अलग जगह दहेज प्रताड़ना एवं मारपीट के मुकदमे दर्ज हुए हैं। एसआई घीसूलाल तेली ने बताया कि प्रार्थी दीप्ति टांक पत्नी निखिल उर्फ विजयवर्गीय टांक ने रिपोर्ट में कहा कि मेरे पति निखिल, ससुर रामलाल टांक, सास मंजु द्वारा मेरे साथ आए दिन मारपीट की जाती है और दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता है। इसी प्रकार प्रेम उर्फ प्रेमी पत्नी काला उर्फ गेंदमल पुत्र भरत साठिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मेरे पति काला एवं सास, ससुर द्वारा मेरे साथ मारपीट एवं दहेज के प्रताड़ित किया है। दोनों मामलों में अनुसंधान महिला थाना चित्तौड़गढ़ द्वारा किया जा रहा है।*

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने को लेकर प्रकरण दर्ज

*निम्बाहेड़ा। नगर में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक ध ार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट डालने वाले के खिलाफ कोतवाली थाना में प्रकरण दर्ज हुआ है। एएसआई घीसुलाल तेली ने बताया कि प्रार्थी हिंदू जागरण मंच के बबलू उर्फ सत्यनारायण पिता कैलाश माली निवासी शारदा पेट्रोल पम्प निम्बाहेड़ा ने प्रकरण दर्ज करवाया कि वॉट्सअप ग्रुप हमारा निम्बाहेड़ा पर किसी [redacted] भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए अ[redacted] डाली है। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट प[redacted]किया। अनुसंधान एएसआई सुरेंद्र सिंह [redacted]रा किया जा रहा है।*

# मंदसौर क्षेत्र में जोरदार बरसात शिवना नदी के जल ने किया पशुपतिनाथ का अभिषेक

**गांधीसागर जलाशय में भी पानी की आवक तेज**



८ अगस्त। मंदसौर। रतलाम जिले के सैलाना, पिपलौदा क्षेत्र में हुई झमाझम बरसात के चलते शिवना नदी में मौसम की पहली बाढ़ आ गई। शिवना नदीका पानी रविवार शाम तक श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर गया। वहीं इंदौर,उज्जैन व देवास जिलों में हुई बरसात से गांध ीसागर जलाशय में भी पानी की आवक तेज हो गई है।रविवार को सुबह से शाम में जलाशय में चार फीट पानी बढ़ गया है। जलस्तर १३०० फीट तक पहुंच गया। शाम को भी पानी की आवक ३.३० लाख क्यूसेक हो रहीथी। मंदसौर में १५ घंटे में पांच इंच बरसात दर्ज की गई है।जिलें में अभी तक औसत १५ इंच बरसात दर्ज की गई है। जबकि २०१६ में इस समय तक औसत ४७ इंच बरसात जिले में हो चुकी थी।

# जंगली जानवर के हमले से वृद्धा की मौत, ग्रामीणों में दहशत

**ग्राम धरमपुरा के समीप स्थित जंगल की घटना, क्षेत्र में तेंदुए की हलचल भी**

कुकड़ेश्वर पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह ग्राम धरमपुरा की ६५ वर्षीय गीता पत्नी गब्बाराम बंजारा जंगल में गाय चराने गई थीं। आशंका है कि वहां किसी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा। मौके पर वन विभाग की टीम भी पहुंच गई थी। ग्रामीणों के अनुसार वृद्धा परसंभवतः तेंदुए ने हमला किया है। वृद्धा पर हुए जंगली जानवर के हमले के बाद पास चर रही गाय भागने लगी, तभी ग्रामीणों का इस ओर ध्यान गया। उन्होंने उस ओर दौड़ लगाई तब तक वृद्धा की मौत हो चुकी थी। कुकड़ेश्वर पुलिस थाने के टीआई केसी चौहान ने बताया कि वृद्धा के चेहरे व पीठ पर जानवर के पंजे के निशान मिले हैं। पोस्टमार्टम कराया है। इसकी रिपोर्ट मिलने के बाद ही अधिक जानकारी मिल पाएगी। पुलिस ने मामले मर्ग कायम कर जांच में लिया है। तेंदुए की हलचल देखी गई ग्राम धरमपुरा की एक वृद्धा की जंगली जानवर के हमले में मौत की सूचना मिली थी। मौके पर विभागके अधिकारियों ने पहुंचकर मौका मुआयना किया है। क्षेत्र में तेंदुए की हलचल देखी गई है। जिले में ३० से ३५ तेंदुए हैं। विभाग की ओर से नियमा[redacted]आर्थिक सहायता स्वीकृत[redacted]एगी।- क्षितिज कुमा[redacted]फओ नीमच

# फिल्मी दुनिया

## सिद्धार्थ पिठानी, नीरज और दीपेश को लेकर सुशांत के घर पहुंची सीबीआई की टीम

**सिद्धार्थ पिठानी और कुक नीरज को आमने–सामने बैठकर पूछताछ की गई।**

*बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में सीबीआई की जांच तीसरे दिन जारी है। सीबीआई की टीम रविवार को सुशांत के फ्लैटमेट सिद्धार्थ पिठानी, दोस्त दीपेश सावंतऔर कुक नीरज और से करीब 4 घंटे पूछताछ की। इसके बाद सीबीआई की टीम इन तीनों को लेकर सुशांत के घर पहुंची। सुशांत राजपूत का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों की टीम से भी आज पूछताछ की जा रही हैं।। सीबीआई की टीम इससे पहले सिद्धार्थ पिठानी और कुक नीरज से अलग–अलग पूछताछ कर चुकी हैं। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई को सिद्धार्थ पिठानी और नीरज के बयानों में विरोधाभास नजर आया था। इसके चलते आज इन दोनों को आमने–सामने बैठाकर पूछताछ की गई है। सुशांत के दोस्त दीपेश सावंत से भी शनिवार को पूछताछ हुई थी और उन्हें भी रविवार को क्त्क् गेस्ट हाउस में पूछताछ के लिए बुलाया गया और उनसे भी पूछताछ हुई।इसके बाद दोपहर को सीबीआई की गाड़िया इन तीनों को लेकर बाहर निकली, इन्हें सुशांत के घर ले जाया गया। सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को भी करीब दो घंटे तक उन डॉक्टर्स से पूछताछ की थी, जिन्होंने सुशांत राजपूत का पोस्टमार्टम किया था। इस दौरान यह खबर सामने आई कि सुशांत राजपूत का पोस्टमार्टम बहुत जल्दबाजी में किया गया था और इससे पहले सुशांत का कोरोना टेस्ट भी नहीं किया गया था। डॉक्टरों के अनुसार मुंबई पुलिस ने जल्दबाजी में यह काम करवाया था और इसी वजह से 14 जून की रात को ही सुशांत का पोस्टमार्टम कर दिया गया था। रिया चक्रवर्ती से आज पूछताछ संभव सूत्रों से ऐसी जानकारी मिल रही है कि सीबीआई रविवार को एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती से भी पूछताछ कर सकती है। वैसे सीबीआई रिया को बुलाने से पहले सभी गवाहों से पूछताछ करेगी। सीबीआई रिया से पूछताछ से पहले सभी सबूत एकत्रित करना चाहती है।*

## कंगना रणोट ने आयुष्मान को कहा चापलूस



कंगना रणोत ने दीपिका पादुकोण को 'मानसिक रूप से पागल' और 'साइको' तक बता दिया है।सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या के बाद से कंगना रनोट मुखर हैं और बॉलीवुड से जुड़े लोगों को निशाने पर ले रही हैं। अब कंगना ने रणबीर कपूर , दीपिका पादुकोण और आयुष्मान खुराना को निशाने पर लिया है। कंगना ने रणबीर क[redacted]ल स्कर्ट चे[redacted]पादुकोण को[redacted]ी पागल' औ[redacted]ता दिया है। टीम कंगना रणोट की ओर से किए गए ट्वीट में ये बातें लिखी गईं। इस तरह कंगना रणोटने एक बार फिर आरोप लगाया कि बॉलीवुड में पक्षपात होता है और बाहरीकलाकारों फिल्में नहीं दी जाती हैं। कंगना रणोट ने अपने ट्वीट में लिखा, रणबीर कपुरसीरियल स्कर्ट चेजर इंसान हैं, लेकिन किसी में दम नहीं कि उन्हें रेपिस्ट कह सके। इसी तरह दिपीका मानसिकरूप से बीमार हैं, लेकिन किसी के अंदर हिम्मत नहीं कि उन्हें साइको या विच कह सके। ऐसी बातें सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए कही जाती हैं, जो बाहर से आए हैं। कंगना ने ये बातें एक फैन के ट्वीट के जवाब में दिया, जिसने रणबीर कपूर की फ्लॉप फिल्मों के नाम गिनवाए थे। कंगना रणोट के अनुसार, इतनी फ्लॉप फिल्मों के बाद भी रणबीर कपूर को फिल्में दी जा रही हैं। वहीं कंगना रणोट ने ।आयुष्मानखुराना को भी चापलूस आउटसाइडर्स बता दिया।दरअसल, बीते दिनों आयुष्मान खुराना ने सुशांत सिंह राजपूत केस में रिया चक्रवर्ती का पक्ष लिया था। इसके बाद अब कंगना ने उन पर प्रतिक्रिया दी। सबसे पहले कमाल आर खान ने । आयुष्मान खुराना पर ट्वीट किया था और लिखा था, आयुष्मान 3 कारणों से नेपोटिज्म और स्टार किड्स का सपोर्ट कर रहे हैं। 1. आयुष्मान को बॉलीवुड में सर्वाइव करना है। 2. वह यश राज फिल्म्स के आर्टिस्ट हैं। 3. सुशांत सिंह राजपूत उनके कॉम्पिटीटर थे।॥ इसके जवाब में ही कंगना ने आयुष्मान को चापलूस आउटसाइडर्स करार दिया है।

# बिजनेस / टेक्नॉलॉजी


## अदाणी ने कहा, ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर मिले रोजगार




*अदाणी ने कहा, कोविड–19 संकट ने हमें रूरल डेवलपमेंट मॉडल पर नए सिरे से विचार करने के लिए मजबूर किया है। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने गुरुवार को कहा कि ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने के लिए मॉडल विकसित किया जाना चाहिए।अगर ऐसा नहीं कियागया तो गांवों से शहराको होने वाले पलायन से देश की विकास यात्रा बाधित हो सकती है। उन्होंने कहा कि देश में प्रवासी कामगारों कींसंख्या 10 करोड़ से अधिक है। हर चार में से एक कामगार प्रवासी है। कुछ पलायन तो ठीक है लेकिन अगर इस पर लगाम नहीं लगाई गई तो इससे देश का नुकसान हो सकता है। गुजरात के आणंद में इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट के छात्रों को संबोधित करते हुए अदाणी ने कहा कि एग्रीकल्चर और फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर बेस्ड पॉलिसीज और डिजिटल टेक्नॉलजी को अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रूरल–अर्बन असंतुलन अवसरों की असमानता का परिचायक है जिसका समाधान करने की जरूरत है। हमें अपनी रूरल इकॉनमीज के बारे में नए सिरे से सोचने की जरूरत है। इजरायल से सीख सकते हैं – इजरायल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उसने रूरल कल्चर को मॉडर्न टेक्नॉलजी से जोड़ा और आत्मनिर्भरता को अपना मूल मंत्र बनाया। अदाणी ने कहा, श्कोविड–19 संकट ने हमें रूरल डेवलपमेंट मॉडल पर नए सिरे से विचार करने के लिए मजबूर किया है।श प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर एग्रीकल्चर का विजन दिया है जिसमें किसानों को उद्यमी बनाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही दूध, दाल, केला, आम और पपीता उत्पादन में दुनिया में पहले नंबर पर है और धान, गेहूं, गन्ना, मूंगफली, सब्जी, फल और कपास के उत्पादन में दूसरे स्थान पर है। यह भारत के लिए अच्छा लॉन्चपैड है।*

## व्हाट्सऐप का डेटा क्लियर करने की आसान ट्रिक, फोन की मेमोरी होगी बूस्ट

**इस ट्रिक की मदद से आप अपने व्हाट्सएप डेटा को आसानी से क्लियर कर सकेंगे।**




*भारत में इन दिनों व्हट्सएप का चलन बहुत ज्यादा बढ़ गया है। पारंपरिक टेक्स्ट मैसेज की जगह अब व्हट्सएप मैसेजेस ने ले ली हैं। हर व्यक्ति कई तरह के ग्रुप्स में जुड़ा होता है और रोज इनमें बहुत कंटेंट आता है। इस कंटेंट की वजह से आपके स्मार्टफोन की मेमोरी बवद.ेनउम होती है। टेक्स्ट मैसेज को तो कम जगह लगती है, लेकिन इन दिनों फोटो और वीडियोज भेजने का चलन बढ़ गया है जो मेमोरी में जगह घेरने का बड़ा कारण होता है। अपने स्मार्ट फोन की मेमोरी को बूस्ट करने के लिए समय–समय पर व्हट्सएप मैसेजेस को क्लियर करना जरूरी होता है। वैसे भी इन दिनों एक समान फोटो, मैसेज और वीडियो अलग–अलग ग्रुप्स से आते रहते हैं। हम आपको ऐसी व्हट्सएप ट्रीक बताते हैं जिससे आपयक्तिगत कॉन्टेक्ट से लेकर ग्रुप चौट्स को क्लियर कर अपने फोन की मेमोरी बूस्ट कर सकते हैं। इसमें आपके पास बैकअपका विकल्प भी रहता है। इसके लिए आप सबसे पहलव्हट्सएप सेटींग में जाकर अपने व्हाट्सएप चौट का बैकअप ले लें। अब इस प्रोसेस को फॉलो करें–व्हट्सएप सेटिंग्स में जाएं, यहां आपको डाटा युस का विकल्प दिखेगा, इस पर टैप करें। अब अगला पेज ओपन होगा और इसमें आपको उपर नेटवर्क युस और उसके नीचे डाटा युज दिखाई देगा, यहां आपको व्हट्सएप पर क्लिक करना होगा। अब आपको ग्रुप और कॉन्टेक्ट्स की लिस्ट दिखाई देगी, इनमें ज्यादा स्पेस लेने वाले सबसे उपर होंगे। इससे आपको अंदाजा हो जाएगा कि आपका किससे संपर्क सबसे ज्यादा है। अब आप उस लिस्टमें से एक चौट सिलेक्ट करेंगे तो आपको यह दिखाई देगा कि उस चौट में किस तरह की फाइल्स है और कितनी स्पेस कंज्यूम हो रही हैं। अब आप उसे सिलेक्ट कर दाई तरफ सबसे नीचे फ्री टैप कर सकते हैं। आप जिस कैटेगरी को सिलेक्ट करेंगे तो उसके चौट क्लियर हो जाएंगे। व्हट्सएप ट्रीक के जरि[redacted]प अपने फोन का डेटा[redacted]यर कर सकते हैं। इस[redacted]ोन की स्पेस बचेगी अ[redacted]री बूस्ट होगी।*

# अमेरिका में हिन्दुओ को लुभाने की राजनीति



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की आहट हो रही है और इसके पहले राजनीतिक दल इस चुनाव में जीत की तैयारी में लग गए हैं। अमेरिका में हिंदुओं की बढ़ती राजनीतिक शक्ति का ही परिणाम है कि राष्ट्रपति ट्रंप और उनके प्रतिद्वंद्वी जो बिडेन इस छोटे धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय को लुभाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं। बता दें कि वर्ष 2016 में अमेरिका में हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों की तादाद एक फीसद थी। ट्रंप अभियान ने वादा किया है कि अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोबारा चुनाव जीतते हैं तो वह हिंदुओं की धार्मिक आस्था के साथ आने वाली बाधाओं को कम करेंगे। वहीं प्रतिद्वंद्वी बिडेन अभियान ने मंगलवार को कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति ने हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले समुदायों को प्राथमिकता दी है।अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि ट्रंप अभियान ने 14 अगस्त को हिंदू वाइसेज फॉर ट्रंपके गठन की घोषणा की। वहीं इसके दो दिन बाद प्रमुख हिंदू नेता नीलिमा गोनगुंटला ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेशनल कंवेंशन की शुरुआत के मौके पर आयोजित एक सर्वधर्म सम्मेलन में हिस्सा लिया। अमेरिका में रहने वाले हिंदू-अमेरिकी समुदाय को लुभाने के लिए ट्रंप अभियान और कौन से नए कदम उठाएगा, इसकी घोषणा अगले सप्ताह होने वाले रिपब्लिकन पार्टी के नेशनल कंवेंशन में किए जाने की उम्मीद है। ट्रंप अपने अभियान के दौरान समावेशी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अमेरिका-भारत संबंधों में मजबूती पर जोर दे रहे हैं। उधर, मंगलवार को आधिकारिक तौर पर डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के लिए नामित किए गए बिडेन से जुड़े राजनीतिक मंच साउथ एशियन फॉर बिडेन ने कहा कि हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले समुदाय को प्राथमिकता दी गई है।

# पाकिस्तान ने मारी बयान से पलटी

## बोला- कराची में नहीं है दाउद

पाकिस्तान ने एक बार फिर पलटी मारते हुए शनिवार रात को कहा कि मोस्टवांटेड आतंकी दाउद इब्राहिम उसके देश में नहीं है। पाकिस्तान ने इससे पहले शनिवार शाम को दाऊद इब्राहिम समेत 88 प्रतिबंधित आतंकवादियों संगठनों पर कार्रवाई करने की बात कही थी। इसी के साथ यह स्वीकार किया गया था कि दाउद कराची में रहता है, लेकिन पाकिस्तान ने रात में इस बयान का खंडन किया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि भारतीय मीडिया में दावा किया जा रहा है कि पाकिस्तान ने अपने देश में दाउद की उपस्थिति को स्वीकार किया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय मीडिया का यह दावा निराधार और भ्रामक है। उसने इस बात को भी खारिज किया कि पाकिस्तान इन 88 संगठनों पर प्रतिबंध लगा रहा है। पाकिस्तानी अखबार द न्यूज के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (युएनएससी) द्वारा जारी नई सूची के अनुपालन में आतंकवादी समूह के 88 आकाओं और सदस्यों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस सूची में जमात-उद-दावा, जैश-ए-मोहम्मद, तालिबान, दाएश, हक्कानी समूह, अलकायदा प्रमुख रूप से शामिल है। सरकार ने इस सभी संगठनों की चल और अचल संपत्तियों को जब्त करने और इनके बैंक खाते सील करने के आदेश दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पाकिस्तान ने माना था कि दाऊद इब्राहिम पाकिस्तान में है और वह कराची में रहता है। उसका पता व्हाइट हाउस कराची है। यह भी बताया गया है कि दाऊद 14 पासपोर्ट रखता है और कराची में उसके तीन घर हैं। 1993 में मुंबई बम धमाकों के बाद दाऊद पाकिस्तान भाग गया था। इन धमाकों में 257 लोगों की जान चली गई थी और करीब 1400 लोग घायल हुए थे। इसके बाद से ही दाऊद के पाकिस्तान में छिपे होने की खबरें आती रहीं, लेकिन इस्लामाबाद ने कभी कबूला नहीं था।

# दुनिया में कोरोना से आठ लाख मौतें, दो करोड़ तीस लाख संक्रमित

२३अगस्त।कोरोना वायरस ने अब तक दुनियाभर में आठ लाख लोगों की जान ले ली है। इसमें भी 56 लाख संक्रमितों के साथ अमेरिका पहले नंबर है। 35 लाख मामलों के साथ ब्राजील दूसरे और 30 लाख संक्रमितों के साथ भारत तीसरे नंबर है। सबसे अधिक अमेरिका में पौने दो लाख, ब्राजील में 1.13 लाख और भारत में 56 हजार से अधिक मौतें हुई हैं। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के आंकड़ों के मुताबिक करीब दो करोड़ 30 लाख लोग संक्रमित हुए हैं। जिन प्रांतों में एक लाख अस्सी हजार से ज्यादा मरीज हैं उनमें एरिजोना, न्यूजर्सी, जॉर्जिया, इलिनोइस शामिल हैं। धर, यूएस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल उ एंड प्रिवेंशन ने यह अनुमान लगाया है कि 12 सितंबर तक अमेरिका में मरने वालों का आंकड़ा दो लाख पांच हजार से ज्यादा हो जाएगा। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक अमेरिका में कैलिफोर्निया प्रांत बीमारी से सबसे ज्यादा प्रभावित है। यहां 6,55,374 मरीज हैं। फ्लोरिडा में 5,93,286,टेक्सास में 5,80,448 और न्यूयॉर्क में 4,28,512 मरीज हैं। पिछले चौबीस घंटे के दौरान ब्राजील में 1,054 लोगों की मौत हुई है। इस तरह देश में मरने वालों की तादाद 1,13,358 हो गई है। 30,355 नए मरीज भी सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 35,32,330 हो गई। मेक्सिको में पिछले चौबीस घंटों के दौरान 504 लोगों की मौत हुई है जबकि 5,928 नए मरीज मिले हैं। उधर, अर्जेंटीना में 8,159 नए मामले सामने आए हैं जबकि 214 लोगों की मौत हुई है।

# मध्य प्रदेश में एक दिन में सबसे ज्यादा १२२६ कोरोना

पिछले तीन दिन से कोरोना मरीजों की संख्या के लिहाज से मध्य प्रदेश में नया रिकॉर्ड बन रहा है। शनिवार को अब तक के सर्वाधिक 1226 मरीज मिले हैं। इसके पहले शुक्रवार को 1147 और गुरुवार को 1142 मरीज मिले थे। शनिवार को 24684 सैंपल की जांच हुइ थी इनमें 1226 लोग संक्रमित मिले हैं। मध्य प्रदेश में इतने सैंपलों की जांच पहली बार की गई है। ज्यादा मरीज आने की यह एक बड़ी वजह है।पिछले पांच दिन से मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण की दर पांच फीसदया उससे पर बनी हुई है।सरकार के हेल्थ बुलेटिन के अनुसार सबसे 51866 मरीज इस बीमारी से संक्रमित पाए गए हैं। इनमें 39399 स्वस्थ हो गए हैं। 1206 मरीजों की मौत हुई है। भोपाल में शनिवार को 135 नए मरीज मिले हैं। चार मरीजों की मौत अलग-अलग अस्पतालों में हुई है।

अधिक खबरों के लिए प्ले स्टोर से हमारा एप्प डॉउनलोड करे ओर पाए क्षैत्र ,देश व दुनिया की हर खबर
सबसे पहले , सबसे तेज।
NEEMUCH headline NH
नीमच हेडलाइंस
सम्पर्क - 9893796737

# सिंधिया के जाने से कांग्रेस हुई जीवित : दिग्विजय सिंह



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पलटवार बोले- सिंधिया को पार्टी ने सब कुछ दिया, अब वे भाजपा नेताओं का गुणगान कर रहे हैं। ग्वालियर में भाजपा की सदस्यता अभियान के दूसरे दिन सिंधिया और भाजपा के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने मोर्चा संभाला। उन्होंने रविवार को पत्रकारों से कहा कि सिंधिया के भाजपा में जाने से कांग्रेस समाप्त नहीं हुई है, बल्कि जीवित हुई है। कार्यकर्ताओं में जान आ गई है। शनिवार को पुलिस व प्रशासन की परवाह किए बगैर कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन से पार्टी में उत्साह व जोश का संचार हुआ है। ५० साल के सियासी अनुभव से मैं कह सकता हूं कि अब कार्यकर्ताओं ने भाजपा की चुनौती स्वीकार कर ली है। दिग्विजय सिंह ने सिंधिया के भाजपा में शामिल होने से पहले और सदस्यता अभियान के भाषणों को सुनाया। उन्होंने कहा कि उन्हें सिंधिया से ऐसी उम्मीद कताई नहीं थी। सिंधिया को पार्टी ने सब कुछ दिया। अब वह भाजपा नेताओं के गुणगान कर रहे हैं। सिंधिया राहुल व प्रियंका गांधी के निकटतम माने जाते थे। पार्टी छोड़ने के बाद सिंधिया किस तरीके के भाषण दे रहे हैं, उससे लोगों को विश्वास टूटा है। कांग्रेस के इतिहास पर बोलने का कोई अधिकार नहीं - दिग्विजय सिंह ने कहा कि भाजपा को पं. मोतीलाल नेहरू व कांग्रेस के इतिहास पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है, क्योंकि स्वाधीनता आंदोलन में भाजपा की कोई भूमिका नहीं है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिंधिया पर गद्दारी का आरोप लगाने को लेकर कहा था कि पं. मोतीलाल नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, इंदिरा गांधी समेत कई ने कांग्रेस छोड़ी थी। इसी तरह सिंधिया ने भी सिद्धांतों को लेकर पार्टी छोड़ी थी। अब भाजपा में कितने सीएम है सिंधिया के कांग्रेस सरकार में दो सीएम होने के आरोप पर दिग्विजय सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि अब भाजपा के ४ सीएम मंच पर थे। पांचवें सीएम नरोत्तम मिश्रा हैं। भाजपा के हिंदुत्व पर दिग्विजय सिंह ने प्रहार करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण काल में गणेशजी के पंडाल लगाने पर रोक है, [redacted] के पंडाल लग रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक , प्रकाशक , सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिन्टीगं प्रेस स्कीन नम्बर ३६ ए कलेक्टर कार्यालय के सामने [redacted] एवं कास्मों स्कुल के पास इन्द्रा नगर नीमच से प्रकाशित / संपर्क 9893796737 (सभी विवादो को न्यायिक क्षैत्र नीमच रहेगा।)